WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Programme 5th Semester Supplementary Examination, 2021

HINGDSE01T-HINDI (DSE1)

कबीर

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $1\times5 = 5$

(क) कबीर के गुरु का नाम बताइए।

(ख) कबीर को 'वाणि का डिक्टेटर' किस समीक्षक ने कहा है ?

(ग) कबीर की उलटवासियों में कौन सा रस प्रमुख है ?

(घ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कबीर की भाषा को क्या नाम दिया है ?

(ङ) 'बीजक' नाम से कबीर की रचनाओं का संकलन किसने किया है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – $5\times3 = 15$

(क) माया दीपक नर पतंग भ्रमि, भ्रमि इवै पड़त।

कहै कबीर गुर ग्यान थै, एक आध उबरंत।।

(ख) परबति परबति मैं फिरया, नैन गंवाए रोई।

सो बूटी पाऊं नहीं, जातै जीतनि होई।।

(ग) संतौं भाई आई ग्यांन की आंधी रे।

भ्रम की टाटी सभै उड़ांनी माया रहै न बांधी रे।।

दुचिते की दोई धुनि गिरानी मोह बलेंडा टूटा।

त्रिसनां छानि परी धर ऊपरी दुरमति भांडा फूटा।।

जोग जुगति करि संतौ बांधो, निरचू चुवै न पांणी।

कूड़ कपट काया का निकस्या हरि की गति जब जांणी।।

आंधी पाछै जो जल बरसै तिहिं तेरा जन भीना।

कहै कबीर मनि भया प्रगासा उदै भानु जब चिन्हां।।

(घ) दुलहनी गातहु मंगलचार।

हम घरि आए हो राजा राम भरतार।

तन रत करि मैं मन रत करिहूं, पंचतत् बराती।

रामदेव मोरैं पहुंचानैं आये मैं जोबन मैं माती।।

सरीर सरोवर बेदी करिहूं, ब्रह्मा वेद उचार।

रामदेव संगि भांवरि लैहूं, धंनि धंनि भाग हमार।।

सुर तेतीसूं कौतिग आये, मुनिवर सहस अठ्यासी।

कहै कबीर हंम ब्याहि चले हैं, पुरिष एक अबिनासी।।

3. 'कबीर वाणि के डिक्टेटर हैं'.......... इस विचार से आप कहां तक सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। 15

अथवा

कबीर की भक्ति भावना की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 15

4. कबीर के भक्तिपरक दोहे में विरह वेदना पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए। 15

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——